भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-2115

उत्तर देने की तारीख-11/03/2026

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार

2115 **# श्री नीरज डांगी:**

क्या ***शिक्षा*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान करने के लक्ष्य और उद्देश्य क्या है;
(ख) प्रत्येक वर्ष 5 सितम्बर को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान करने हेतु शिक्षकों के चयन हेतु अपनाए जाने वाले मानदंड क्या है;
(ग) इस वर्ष राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों की संख्या कितनी है तथा गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष तथा चालू वर्ष के दौरान उक्त प्रयोजनार्थ कितनी वित्तीय राशि आवंटित तथा उपयोग की गई है;
(घ) क्या सरकार के पास पुरस्कार विजेता शिक्षकों को बारी से पहले पदोन्नति देने का कोई प्रस्ताव है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ङ) पुरस्कार विजेता शिक्षकों को क्या सुविधाएं या प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) और (ख): राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार, जो प्रत्येक वर्ष 5 सितम्बर (शिक्षक दिवस) को स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित किए जाते हैं, का उद्देश्य उन शिक्षकों को पहचानना और सम्मानित करना है जिन्होंने अपने समर्पण और उत्कृष्ट कार्य के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया है तथा विद्यार्थियों के जीवन को समृद्ध बनाया है। इन पुरस्कारों के लिए चयन एक पारदर्शी तथा योग्यता-आधारित प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है, जो नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धतियों, अधिगम परिणामों में सुधार, शिक्षण में प्रौद्योगिकी के उपयोग, समावेशी शिक्षा के संवर्धन, सामुदायिक सहभागिता तथा विद्यालय विकास में समग्र योगदान जैसे वस्तुनिष्ठ मानदंडों पर आधारित होती है। केवल वे नियमित शिक्षक, जिनकी न्यूनतम दस वर्ष की निरंतर सेवा हो, ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्व-नामांकन प्रस्तुत करने के पात्र होते हैं। इन नामांकनों का मूल्यांकन जिला तथा राज्य/संघ राज्य क्षेत्र स्तर पर किया जाता है तथा अंतिम चयन मंत्रालय द्वारा गठित एक स्वतंत्र राष्ट्रीय जूरी द्वारा किया जाता है।

वर्ष 2023 से इस पुरस्कार के दायरे का विस्तार करते हुए उच्च शिक्षण संस्थानों/पॉलिटेक्निक के प्रख्यात शिक्षकों तथा कौशल प्रशिक्षकों को भी इसमें सम्मिलित किया गया है। स्कूलों के लिए राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार, उच्च शिक्षा और पॉलिटेक्निक्स के लिए, और व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा उद्यमिता विकास में उत्कृष्टता के लिए दिशानिर्देश क्रमशः https://nationalawardstoteachers.education.gov.in/Guidelines.aspx, https://www.ugc.gov.in/pdfnews/9972224_Letter-National-Award-to-Teachers-2025.pdf और https://iie.gov.in/files/userfiles/2025/07/12/files/Guidelines-for-NTA_120725.pdf पर सार्वजनिक डोमेन में रखे गए हैं।

(ग): राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार, 2025 के विजेताओं का विवरण निम्नानुसार है: -

वर्ष	पुरस्कार विजेताओं की संख्या		
	स्कूल शिक्षक	उच्च शिक्षा/पॉलिटेक्निक	कौशल प्रशिक्षक
2025	45	21	15

पुरस्कार समारोह के आयोजन के लिए स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग (डीओएसई एंड एल) द्वारा आवंटित और उपयोग की गई निधियों का विवरण निम्नानुसार है: -

वर्ष	अनुमोदित बजट (करोड़ में)	किया गया व्यय (करोड़ में)
2022	4.71	4.43
2023	5.16	4.59
2024	5.10	4.72
2025	5.76	5.14*

(* - अनंतिम)

(घ) और (ङ): शिक्षा संविधान की समवर्ती सूची के तहत एक विषय है तथा शिक्षकों की पदोन्नति (बिना बारी के पदोन्नति सहित) और अन्य सेवा शर्तें संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के कार्यात्मक डोमेन के अंतर्गत आती हैं। वर्तमान में, पुरस्कार विजेता शिक्षकों को बिना बारी के पदोन्नति देने का कोई भी प्रस्ताव इस मंत्रालय के विचाराधीन नहीं है।

मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार, तीनों विभागों के पुरस्कार विजेताओं को 50,000 रुपये नकद पुरस्कार, संबंधित विभाग के सचिव द्वारा हस्ताक्षरित एक प्रमाण पत्र और लगभग 40 ग्राम वजन का एक रजत पदक मिलता है।

****